महर्षि दयानन्द सरस्वती विश्वविद्यालय
अजमेर

प्रबन्ध बोर्ड की 91वीं बैठक
कार्यवृत्त (Minutes)

प्रबन्ध बोर्ड की 91वीं बैठक दिनांक 30 मई, 2017 को अपराह 12:30 बजे राजस्थान विश्वविद्यालय अतिथिगृह, राज. विश्वविद्यालय, जयपुर में सम्पन्न हुई। बैठक में निम्नलिखित सदस्य उपस्थित हुए:-

1.	प्रो. कैलाश सोडाणी कुलपति	अध्यक्ष
2.	श्रीमती अलका सिरोही (कुलाधिपति द्वारा नामनिर्देशित)	सदस्य
3.	श्री भरत राम कुम्हार (राजस्थान सरकार द्वारा नामनिर्देशित)	सदस्य
4.	प्रो. भारती जैन (कुलपति द्वारा नामनिर्देशित)	सदस्य
5.	सम्भागीय आयुक्त, अजमेर (प्रमुख शासन सचिव, वित्त विभाग के प्रतिनिधि)	सदस्य
6.	डॉ. कमल मिश्रा (प्रमुख शासन सचिव, शिक्षा विभाग के प्रतिनिधि)	सदस्य
7.	श्री के.सी. शर्मा (प्रमुख शासन सचिव, आयोजना विभाग के प्रतिनिधि)	सदस्य
8.	निदेशक, आयुक्त, कॉलेज शिक्षा, राज. सरकार, जयपुर	सदस्य
9.	कुलसचिव	सदस्य सचिव

बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ करते हुए माननीय कुलपति महोदय ने प्रबन्ध बोर्ड के नव नियुक्त माननीय सदस्या अलका सिरोही का स्वागत किया एवं आशा व्यक्त की कि माननीया अलका सिरोही के लंबे प्रशासनिक अनुभवों का लाभ विश्वविद्यालय को प्राप्त होगा। तत्पश्चात् कुलसचिव को प्रबन्ध बोर्ड की आगे की कार्यवाही प्रारम्भ करने हेतु निर्देशित किया:-

मद	विवरण	अनुभाग/विभाग
मद सं. 1	विश्वविद्यालय के अधिनियम की धारा 19(1)(a) के अन्तर्गत कुलपति चयन समिति में प्रबन्ध बोर्ड द्वारा एक व्यक्ति का नाम निर्देशित करना, जो विश्वविद्यालय या किसी महाविद्यालय से सम्बन्धित नहीं हो।	शैक्षणिक-I
निर्णय	**सर्वसम्मति से प्रबंध बोर्ड द्वारा प्रो. बी.एल.शर्मा, कुलपति, पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय, सीकर का नाम निर्देशित किया गया।**	
मद सं. 2	राजस्थान विश्वविद्यालयों, शिक्षक एवं अधिकारी (नियुक्ति हेतु चयन) अधिनियम 1974 की धारा 15(1) के अनुसार परीक्षा नियंत्रक पद पर चयन हेतु गठित चयन समिति की बैठक दिनांक 15 अप्रेल, 2017 की अनुशंषाऐं प्रबंध बोर्ड में प्रस्तुत करना।(परिशिष्ट 1)	संस्थापन अनुभाग

निर्णय	चयन समिति की अनुशंषाऐं प्रबंध बोर्ड द्वारा अनुमोदित की गयीं फलस्वरूप डा0 जगराम मीणा को परीक्षा नियंत्रक के पद पर नियुक्त किये जाने का निर्णय लिया गया। नोट : चूंकि डा0 जगराम मीणा इसी विश्वविद्यालय में उप कुलसचिव एवं कार्यवाहक परीक्षा नियंत्रक के पद पर कार्यरत हैं। श्री मीणा दिनांक 31 मार्च, 2018 को अपनी 60 वर्ष की आयु पूर्ण कर सेवानिवृत होंगे। अतः प्रबंध बोर्ड ने निर्णय किया कि एक वर्ष के भीतर किसी भी कारण से पद रिक्त होने की स्थिति में चयन समिति द्वारा परीक्षा नियंत्रक के पद हेतु आरक्षित सूची में अनुशंषित अभ्यार्थि को नियुक्ति प्रदान करने हेतु कुलपति महोदय को अधिकृत किया गया।	

अन्त में अध्यक्ष महोदय को धन्यवाद के साथ बैठक सम्पन्न हुई।

कुलपति 31/5/17

कुलसचिव 31/5/17